भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in`

आरबीआई/2024-25/112
विवि.केंका.एसओजी(एलईजी)सं.59/09.08.024/2024-25

11 फरवरी 2025

सभी एजेंसी बैंक

महोदया/महोदय,

सभी एजेंसी बैंक दिनांक 31 मार्च 2025 (सोमवार) को जनता के लिए खुले रहेंगे

दिनांक 31 मार्च 2025 (सोमवार-सार्वजनिक अवकाश) को भारत सरकार ने सरकारी प्राप्तियों और भुगतान से संबंधित बैंकों की सभी शाखाओं को लेनदेन के लिए खुला रखने का अनुरोध किया है जिससे प्राप्तियों और भुगतान से संबंधित सभी सरकारी लेनदेन का लेखा वित्त वर्ष 2024-25 में ही रखा जा सके। तदनुसार, एजेंसी बैंकों को सूचित किया जाता है कि वह सरकारी कारोबार से संबंधित अपनी सभी शाखाएं दिनांक 31 मार्च 2025 (सोमवार) को खुली रखेंगें।

2. बैंक इस दिन उपर्युक्त बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता कराने के लिए समुचित प्रचार करेंगे।

भवदीय

(सुनील टी एस नायर)
मुख्य महाप्रबंधक